Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 30-11-2006

Participants : Thummar Shri Virjibhai

an>

Title: Need to implement Drip Irrigation Scheme in drought prone area of Amreli, Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र अमरेली एक सूखा प्रवण क्षेत्र है और यहां पर सिंचाई का विशेा साधन नहीं है। यहां की मुख्य फसलें ग्राउंडनट, गन्ना, जवार एवं बाजरा है, जो पानी के अभाव में जैसे तैसे होती है। यहां ड्रिप सेट खरीदने को प्रोत्साहन दिये जाने हेतु एक योजना है, परन्तु बिजली की कमी एवं मंहगी होने के कारण किसान इस योजना का लाभ सही ढंग से नहीं उठा पा रहे हैं। कृाि मंत्रालय द्वारा ड्रिप सिंचाई का कार्य मेकरो इरिगेशन प्रोग्राम के तहत चलाया जा रहा है। हालांकि गुजरात में साढ़े सोलह हजार हेक्टेयर भूमि को ड्रिप सिंचाई योजना के तहत कर लिया गया है परन्तु मेरे संसदीय क्षेत्र को इससे कोई फायदा नहीं मिल पा रहा है।

मेरा सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त योजना को अमरेली में अच्छे ढंग से चलाया जाये।